## खबर संक्षेप

### अलग अलग हादसों में महिला सहित चार घायल

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत खडौला पुल के पास हुये सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी पप्पू बंशकार 26 वर्ष, निवासी पन्ना अपनी ऑटो लेकर जा रहे थे तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक MP 18 H 5288 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पप्पू बंशकार (ऑटो चालक), पुरुषोत्तम पाल, विद्या पाल शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। कुठला पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम लखाखेरा स्थित ढाबा के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बुजुर्ग राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में ग्राम रोहनिया बैरागीहार निवासी ईश्वरदीन सोनी 67 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए बनेगा 'विजन डॉक्यूमेंट'

**कटनी।** मध्य प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों के समग्र विकास को गति देने के लिए शासन की 'विजन डॉक्यूमेंट' अवधारणा के तहत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है वे विधानसभावार संबंधित विधायकों से चर्चा एवं समीक्षा कर स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण एवं विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव तैयार कर 7 दिवस के भीतर अपने क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर कार्यालय में प्रेषित करें।

### 5 और 8 जून को होगा ऑनलाइन प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रदेश में नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 'समग्र पोर्टल' के उन्नत संस्करण के चरण-1 मॉड्यूल्स को गो-लाइव करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस नए सिस्टम के सुचारू संचालन के लिए प्रदेश के सभी जिलों और मैदानी स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय विशेष ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। समग्र सपोर्ट टीम द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र शुक्रवार, 05 जून अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक जबकि द्वितीय सत्र सोमवार, 08 जून को शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण माइक्रोसॉफ्ट टीम्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन दिया जाएगा। विभाग ने सभी संबंधितों को जारी ट्रेनिंग प्लान का बारीकी से अवलोकन करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही सभी जिला प्रबंधकों (ई-गवर्नेंस) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिलों से संबंधित तकनीकी और मैदानी अमले की इस प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि नए सिस्टम को लागू करने में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए।

### उपसंचालक पशुपालन ने किया औचक निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत ग्राम बछरवारा में स्थित मां दुर्गा गौशाला का गुरूवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, मौके पर मौजूद गौशाला स्टाफ को पाई गई कमियों को एक सप्ताह के भीतर दूर करने के निर्देश दिए।

---

**अतिरिक्त संसाधन एवं कार्य अवधि बढ़ाकर पांच दिवस में साइट रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

# सीवर लाइन की सुस्त चाल से फजीहत, आयुक्त ने निरीक्षण कर लिया जायजा, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर में अमृत योजना एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर में संचालित सीवर लाइन विस्तार, पेयजल पाइपलाइन विस्तार तथा निर्माणाधीन जल संरचनाओं के कार्यों की सुस्त प्रगति की वजह से वाहन चालकों एवं लोगों की फजीहत हो रही है। सीवर लाइन के लिये खोदे गये गड्ढों से निकली मिट्टी बारिश में गीली होकर दलदल बन जाती है, गड्ढों की ठीक से पुराई एवं रोड नहीं बनने से सड़क धंस जाती है जिससे अक्सर लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं।

गुरुवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, पी.डी.एम.सी. के ए.आर.सी. सौरभ नौगजा, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि नेवित पटेल, हार्दिक पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री परिहार ने सर्वप्रथम साउथ स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मी पान भंडार से रंगनाथ मंदिर मार्ग तथा सागर पुलिया कब्रिस्तान मोड़ के समीप बजाज एजेंसी के सामने प्रगतिरत सीवरेज कार्यों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सागर पुलिया के समीप साइट रेस्टोरेशन कार्य की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निगमायुक्त ने निर्माण एजेंसी को अतिरिक्त श्रमिकों एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य अवधि बढ़ाकर प्रातःकाल से ही कार्य प्रारंभ करने तथा सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए आगामी तीन दिवस के भीतर, रविवार तक शेष साइट रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के पूर्व सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना आवश्यक है, जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### लापरवाही पर कार्यवाही होगी प्रस्तावित, डेली रिपोर्ट भी मांगी

निगमायुक्त ने अधिकारियों को सीवरेज कार्यों का नियमित स्थल निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। साथ ही कार्यों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

### शेष पाइपलाइन विस्तार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

निरीक्षण के अगले चरण में निगमायुक्त ने गायत्री नगर में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति हेतु प्रगतिरत पाइपलाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी को शेष कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कर स्थल का समुचित रेस्टोरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---



**ग्राम दशरमन में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के लिए बने चार घाटों पर कार्रवाई**

# दतला नदी में बने रैम्प एवं मार्ग जेसीबी से किये ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में अवैध खनिज एवं रेत उत्खनन और परिवहन के विरूद्ध जिला प्रशासन का सख्त अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरूवार को ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम दशरमन स्थित दतला नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर अवैध परिवहन करने के लिये तैयार किये गये रैम्प और मार्गों को प्रशासन ने जेसीबी मशीन चलाकर ध्वस्त कर दिया।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सिलौड़ी के नायब तहसीलदार खगेश भलावी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से दतला नदी के तटीय घाटों पर बनाये गये अवैध रैम्प को कटवाया तथा गहरे गड्ढे खुदवाकर मार्ग को पूरी तरह अवरूद्ध कर दिया। ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध रेत उत्खनन एवं परिहवन न किया जा सके। रैम्प को तोड़ने और बनाये गये मार्ग को अवरूद्ध करने का यह कार्य सुनारखेड़ाघाट, डबरीघाट, बम्होरी दतलाघाट और शंकरघाट बम्होरी में जेसीबी से कार्यवाही की गई। इसके साथ ही जिला प्रशासन रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखे हुये है।

---

# विश्व पर्यावरण दिवस के पर आज होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार, पांच जून को ग्राम सभाओं का आयोजन करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायतों के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने ग्राम सभाओं का आयोजन नियुक्त नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में कराने हेतु निर्देशित किया है।

### जिपं सीईओ ने दिये निर्देश

सुश्री कौर ने ग्राम सभाओं में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों, एसबीएम- जी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता, स्व सहायता समूहों, स्वच्छाग्रहियों, सफाई कर्मियों, महिलाओं, युवाओ, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के परिवारों, कमजोर समूहों और समुदाय आधारित संगठनो और स्थानीय संस्थाओं की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने आयोजित होने वाली ग्राम सभा में नियमित एजेंडा बिंदुओं के साथ स्थानीय कार्य सूची (विषय) को शामिल करते हुए ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं।

### एजेंडा जिन पर चर्चा होगी

ग्राम सभाओं में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत पंचायत राज, राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी,मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, किसान कल्याण और कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएँ आदि विषय सम्मलित है।

---

# आशा किरण बालगृह में बच्चों के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**कटनी।** बालगृह में निवासरत बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को कटनी के आशा किरण बालगृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

### आपात स्थितियों के लिये बताये हेल्पलाइन नंबर

शिविर में व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, श्रीमती मृणालिनी सिंह द्वारा बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल एवं सहज भाषा में प्रदान की गईं। उन्होंने बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही बच्चों को किसी भी आपात या विपरीत परिस्थिति में सहायता प्राप्त करने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के महत्व की जानकारी दी गई। शिविर में शिक्षा के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में भी जानकारी साझा की गई।

---

## 38 लाख से पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य का हुआ भूमिपूजन



शहर के बी.डी. अग्रवाल वार्ड में 38.50 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्य का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद एडवोकेट मौसूफ़ बिट्टू, एमआईसी सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड की कन्या के करकमलों से कराया गया। पेवर ब्लॉक फ्लोरिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही जलभराव, कीचड़ एवं मार्ग संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी तथा क्षेत्र का वातावरण अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनेगा। इस विकास कार्य से न केवल नागरिक सुविधाओं में विस्तार होगा, बल्कि वार्ड के सौंदर्यीकरण एवं विकास को भी नई दिशा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, जयनारायण निषाद, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# योजनाओं के क्रियान्वयन में न बरतें लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राही की पहचान कर उन्हें तत्परता पूर्वक लाभान्वित कराए जाने की कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एवं अन्य योजनाओं के अपूर्ण कार्यों को यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं। निर्देशों की अवहेलना करने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों को दिए।

उन्होंने कहा कि संबंधित उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी प्रगतिरत निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करते हुए लंबित अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराएं। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा ई-केवाईसी मनरेगा,समग्र,आवास पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्णता, मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत नवीन प्रणाली से भुगतान, निर्माण कार्यों, करारोपण, 6वा वित्त के अंतर्गत पंचायत दर्पण पोर्टल पर फीडिंग कार्य, संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में निराकरण की स्थिति और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित शिकायतों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा हुई।

उन्होंने तत्परता पूर्वक योजनाओ में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं।

---

**स्टेशन में अकेले मिले बालक को प्रशासन ने परिवार से मिलाया**

# कटनी से नेपाल तक उम्मीदों का सफर, जब प्रशासन बना बिछड़े मासूम का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कभी-कभी एक छोटी सी चूक किसी बच्चे को अपनों से मीलों दूर कर देती है। लेकिन जब संवेदनशील प्रशासन, समर्पित अधिकारी और मानवीय प्रयास एक साथ खड़े हो जाएं, तो बिछड़े रिश्तों को फिर से मिलाया जा सकता है। ऐसी ही एक भावुक और प्रेरणादायक कहानी है नेपाल निवासी बालक आरव (परिवर्तित नाम) की, जो अपने परिवार से बिछड़ गया था, लेकिन कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विगत कई दिनों से किये जा रहे प्रयास फलीभूत हुए और विदेश मंत्रालय भारत सरकार की मदद से आरव को नेपाल दूतावास को सौंप दिया गया। जहां से आरव का अपने माता-पिता से सुखद मिलन हुआ।

अकेला आरव अपने परिजनों के साथ रेल यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान परिस्थितियां ऐसी बनीं कि वह अपने परिवार से बिछड़ गया। मासूम बालक खुद को एक अनजान जगह पर अकेला पाकर घबरा गया। कटनी रेलवे स्टेशन पर जब आरपीएफ की नजर उस पर पड़ी, तो उसे तत्काल संरक्षण में लिया गया। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण इकाई कटनी सक्रिय हुई। बालक की सुरक्षा और देखरेख सुनिश्चित करते हुए उसे मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित आशा किरण बाल देखरेख संस्था में आश्रय दिया गया। साथ ही नियमानुसार उसका प्रकरण बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालक की भाषा, व्यवहार और उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर उसके परिवार की तलाश शुरू हुई। यह काम आसान नहीं था। एक ओर मासूम की चिंता थी, दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन भी करना था।

ऐसे में कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा किए गए विशेष प्रयास खासतौर पर विदेश मंत्रालय के अफसरों से संपर्क और संवाद कर किया गया मानवीय और संवेदनशील प्रयास सराहनीय रहा।। खोजबीन के बाद बालक के परिजनों का पता लगाया गया और यह स्पष्ट हुआ कि उसका परिवार नेपाल में निवास करता है।

इसके बाद शुरू हुआ वह प्रशासनिक अभियान, जिसमें संवेदनशीलता और कानून दोनों का संतुलन आवश्यक था। किशोर न्याय अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुरूप विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय को भेजा गया। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा नेपाली दूतावास से समन्वय स्थापित किया गया। कई स्तरों की औपचारिकताओं और सत्यापन प्रक्रियाओं के बाद बालक की सुरक्षित वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ। कटनी से नई दिल्ली तक की यात्रा और उसके बाद नेपाली दूतावास में परिजनों से मिलन की व्यवस्था की गई। नई दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास में आरव अपने माता-पिता से मिला।

---

**नामांकन मैपिंग में लापरवाही और सुस्ती बरतने पर सीईओ ने जताई नाराजगी**

# दो बीआरसी की वेतन वृद्धि रोकने दिए निर्देश, सैलरी भी रुकेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कक्षा नर्सरी, आठवी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं की नामांकन मैपिंग की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के विपरीत प्रगति संतोष जनक नहीं पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने नाराजगी जताते हुए सबसे कम नामांकन में प्रगति वाले दो विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बीआरसी,बीएसी, जन शिक्षक और शाखा प्रभारी का मई माह का वेतन 90% मैपिंग करने पर एवं जून माह का वेतन शत प्रतिशत मैपिंग करने पर आहरित किया जाए। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए।

सुश्री कौर ने अध्यक्षता करते हुए समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, बीएसी, संकुल प्राचार्य,जन शिक्षक प्रधान अध्यापक एवं शिक्षकों की जवाबदेही होगी। सभी अधिकारी समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम की प्रगति में एकजुट होकर सार्थक प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पंजीयन व परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### जर्जर शाला भवन एवं बाउंड्री वॉल के डिस्मेंटल की ली जानकारी

सुश्री कौर ने जर्जर शाला भवनों, शौचालय एवं बाउंड्री वॉल के डिस्मेंटल किए जाने की विकासखंडवार गहन समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि कहीं डिस्मेंटल संबंधी कार्यवाही करना शेष है तो तत्परता पूर्वक करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान सुश्री कौर ने क्रियाशील शौचालयों के संबंध में भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए अपार आईडी, कक्षा पहली और पांचवी से आठवीं में प्रवेश, शालाओं में पाठ्य पुस्तक एवं साइकिल वितरण की स्थिति, एफएलएम, यू डाइस, छात्रावास में प्रवेश की स्थिति की जानकारी लेते हुए तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए प्रगति लाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को दिये।

समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---



# 8 दिवसीय रामकथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

हनुमान मन्दिर में 3 जून से 11 जून तक 8 दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन 551 भव्य कलशों की शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। श्री संकट मोचन अश्रम जगन्नाथ धाम से हजारों की संख्या मे क्षेत्रीय भक्तों ने जय श्री सीता राम की गूंज बैंड बाजा की धुन के साथ नगर भ्रमण करते हुए ग्राम गोरहा मंदिर तक शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। हनुमानजी मन्दिर समिति के तत्वावधान में लोढा पहाड़ वाले संत सीता शरण महराज, संकट मोचन आश्रम जगन्नाथ धाम पहुंचे जहां महाराज श्री का नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति राजेश्वरी हरीश दुबे, अरविंद बडगइयां, सुरेंद्र दुबे, संदीप बाजपेई, देवेंद्रधर गुड्डु आदि ने माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट किया। इसके उपरांत महाराज श्रीहनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त कर कथा स्थल के लिए बाजे गाजो के साथ विशाल शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करते हुए. कथा स्थल के लिए रवाना हुए। नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाकर व्यापरियों तथा मुस्लिम भाइयों ने भी श्रद्धालु भक्तजनों का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### रेत का अवैध परिवहन करते 2 ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम गुड़ेहा के महानदी घाट क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डहरिया एवं एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गुड़ेहा में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस स्टैंड के पास और केवट मोहल्ले में कार्रवाई करते हुए रेत से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं। पुलिस के अनुसार कारीतलाई निवासी आलोक उरमलिया पिता रामदत्त उरमलिया तथा ग्राम गुड़ेहा निवासी शेखर सिंह पिता भागवत सिंह द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान रेत के परिवहन अथवा क्रय-विक्रय से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पुलिस ने दोनों रेत लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा कराया है।

### बजरंग धाम पठरा में हुआ अखंड मानस एवं संकीर्तन

**बड़वारा।** जनपद अंतर्गत ग्राम पठरा में स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालु दादूराम यादव के द्वारा उनकी मनोकामना पूरी होने पर मंदिर में रामायण मंडलियों के द्वारा अखंड रामायण एवम संकीर्तन का आयोजन करवाया गया एवम भव्य भंडारे का आयोजन कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया।

### बस स्टैंड में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ



**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को बारडोली वेलफेयर सोसायटी द्वारा आमजन व राहगीरों को राहत देने के लिए प्रियदर्शनी बस स्टैंड कटनी में निःशुल्क शीतल प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया गया। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों और आम नागरिक जो सफर कर रहे उनको पानी के लिए भटकना पड़ता है आम जनता की सुविधा और प्यास बुझाने के लिए मटके का ठंडा पानी पिलाकर प्याऊ की शुरुआत की गईं। इस दौरान बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार चौधरी, संस्था के सचिव रविकांत राय, सेक्टर प्रभारी गणपत कोल ,गया प्रसाद विश्वकर्मा ,काशी विश्वकर्मा,माया गुप्ता, संगीता बर्मन, रूपा बर्मन उपस्थिति रही ।

### कन्या हाई स्कूल में कॉमर्स संकाय का शुभारंभ

**सिलौंडी।** शासकीय कन्या हाई स्कूल में इस सत्र से 11 वीं की छात्रा को कॉमर्स संकाय लेकर पढ़ने की सुविधा शुरू हो गई है। छात्र छात्राओं की आवश्यकता को देखते हुए सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय के प्रयास से बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अनुशंसा पर शिक्षा विभाग ने स्कूल में कॉमर्स संकाय की पढ़ाई शुरू करने का निर्णय किया है ।

## वृंदावन ग्राम बरनमहगवां पहुंचे कलेक्टर ने चौपाल में ग्रामीणों से किया संवाद

# लापरवाही पर दो वेतन-वृद्धि रोकने एवं पशु चिकित्सक को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र की बरही तहसील स्थित वृंदावन ग्राम बरनमहगवां में गुरुवार को पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और गांव को आदर्श वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि बरनमहगवां को ऐसा मॉडल ग्राम बनाया जाएगा, जहां पशुधन विकास, स्वच्छता, आजीविका, कृषि उन्नयन, पोषण और जनसुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दिखाई दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव की प्रत्येक आवश्यकता का सूक्ष्म सर्वेक्षण कर विभागवार कार्ययोजना तैयार की जाए और उसे समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जाए।चौपाल में पशुधन विकास और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की



क्षीरधारा ग्राम योजना की जानकारी देते हुए इसे आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। इसी दौरान ग्रामीणों ने शिकायत की कि क्षेत्र के सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी सुखलाल प्रजापति गांव में नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी की दो वेतन-वृद्धियां रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को बरनमहगवां में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविर में कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्ल के पशुओं के संवर्धन, पशु स्वास्थ्य परीक्षण और गौशाला में संरक्षित सभी गोवंशों के टीकाकरण की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं बरही की पशु चिकित्सक डॉ. खुशबू जैन की लचर कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

ग्रामीणों के साथ खुले संवाद के दौरान कलेक्टर ने पूछा कि गांव के विकास के लिए सबसे अधिक किन कार्यों की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं, जिन्हें कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा जब उसकी रूपरेखा गांव के लोगों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की जाए।कलेक्टर श्री तिवारी ने पटवारी को फौती, नामांतरण, फार्मर आईडी, ई-केवाईसी सहित लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से सुपोषित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने ग्राम स्वच्छता, कृषि विकास, आजीविका मिशन, महिला स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों में वृद्धि कर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और परिवार की आय में सुधार लाने और ग्रामीण रोजगार से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न आवेदनों और शिकायतों का निराकरण कर प्रशासन की संवेदनशीलता का परिचय दिया गया।

इस दौरान उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सीईओ जनपद पंचायत बड़वारा, एपीओ डॉ. अजीत सिंह सहित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पेयजल संकट को लेकर किया गया प्रदर्शन, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फॉरेस्टर वार्ड में गहराए पेयजल संकट को लेकर गुरूवार को जिला कांग्रेस सेवादल शहर द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। सेवादल के जिला अध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और वार्डवासियों ने नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस सेवादल ने आरोप लगाया कि फॉरेस्टर वार्ड के निवासियों से नगर निगम द्वारा नियमित रूप से जल कर वसूला जा रहा है। इसके बावजूद, नल-जल योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद भी नागरिकों को पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। भीषण गर्मी और लंबे समय से चल रही इस किल्लत के कारण वार्डवासियों को अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात पर भी चिंता जताई गई है कि संबंधित अधिकारियों और नगर निगम प्रशासन का ध्यान कई बार इस ओर आकर्षित कराए जाने के बाद भी समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

सीवर लाइन बिछाने के लिए वार्ड में जो गड्ढे खोदे गए थे, उन्हें अब तक ढांका नहीं गया है। बरसात का मौसम आ गया है, ऐसे में इन खुले गड्ढों में पानी भरने के कारण कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। कांग्रेस सेवादल ने नगर निगम प्रशासन से अनुरोध किया है कि जनहित के इस गंभीर मामले का तत्काल संज्ञान लिया जाए। वार्ड में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने और खोदे गए गड्ढों को तत्काल बंद करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और किसी भी संभावित हादसे को टाला जा सके।

**सीएम हेल्पलाइन में आधा सैकड़ा से अधिक शिकायतें कराई दर्ज**

# ठप पड़ी नल जल योजना से बढ़ी लोगों की परेशानी, हैंडपंपों में पानी के लिये लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के ग्राम पौड़ी खिरवा में नल-जल योजना बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मोटर खराब होने के कारण आदिवासी बहुल मोहल्ले में जलापूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच लोग पानी के लिए हैंडपंपों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर अब तक 55 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। सुबह से ही महिलाएं और अन्य ग्रामीण हैंडपंपों पर कतार लगाकर पानी भरने को मजबूर हैं। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद उनके मोबाइल नंबर ब्लॉक या ब्लैकलिस्ट किए जा रहे हैं।



ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मोटर खराब होने की जानकारी देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, ठेकेदार ने उनसे कहा कि जहां शिकायत करनी है कर लें, मोटर की मरम्मत नहीं कराई जाएगी। जलापूर्ति बंद होने से महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है।

समस्या से परेशान मोहल्ले की महिलाओं ने जिला कलेक्टर आशीष तिवारी से हस्तक्षेप की मांग की है। सुनीता बाई, कृष्णा बाई, विद्दो बाई, संतों बाई, अभिलाषा बाई, पूजा बाई, ज्योति बाई और राम बाई सहित अन्य ग्रामीण महिलाओं ने जल्द पेयजल व्यवस्था बहाल करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत सिमरिया के सरपंच ने भी योजना के संचालन पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि योजना में कम गुणवत्ता वाली मोटर लगाई गई है। साथ ही ऑटो कंट्रोलर नहीं लगाए जाने के कारण वोल्टेज में उतार-चढ़ाव होने पर मोटर बार-बार खराब हो रही है।

पीएचई के एसडीओ मोहित तिवारी ने कहा कि यह मामला अभी तक उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने बताया कि पौड़ी खिरवा की नल-जल योजना अभी विभाग को हैंडओवर नहीं हुई है, इसलिए इसके रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। उनके अनुसार, ठेकेदार ने मोटर के बजाय कट-आउट खराब होने की जानकारी दी है। हालांकि विभाग की ओर से ठेकेदार को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

## नशामुक्ति एवं साइबर क्राइम जन जागरूकता कार्यक्रम



उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' के अंतर्गत नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर प्रदीप जाटव थाना बड़वारा एवं स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, साइबर ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम जिला खेल अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक सहभागिता करते हुए विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त की।अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं साइबर अपराधों से सजग रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक वीरेंद्र कुमार पांडे, कटनी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अधिकारियों ने पकड़ाया आश्वासन का झुनझुना, सरकारी अस्पताल में आज भी अव्यवस्थाएं हावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को पदस्थ किये जाने की व स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार करवाने तथा अन्य विभिन्न मांगों को लेकर बीते 14 जनवरी 2026 से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की थी जिसके पश्चात बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का मामला सुर्खियां बना था। खबरों के प्रकाशन के पश्चात जिला स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह अनशन स्थल पर पहुंचकर मांगों को शीघ्र पूर्ण करबाने का आश्वासन दिए थे किंतु आज तक किसी भी प्रकार की कोई भी मांग पूर्ण नही हुई।




### इन मांगों को लेकर की गई थी भूख हड़ताल

1. स्थाई तौर पर BMO की तैनाती की जाए 2. एंबुलेंस परिचालन की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की जाए ताकि ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ मिल सके 3. महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए 4. शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए 5. फ्रीजर की व्यवस्था की जाए 6. रात्रि कालीन व्यवस्था हेतु भी डॉक्टर उपलब्ध कराए जाए 7. जनरेटर की 24x7 व्यवस्था की जाए8. CT स्कैन मशीन की भी व्यवस्था कर उसे मुफ्त किया जाए 9. मरीजों के परिजनों को रुकने हेतु रैन बसेरा का निर्माण कराया जाए।

ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कटनी एवं शैलेष जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़वारा ने बताया कि यदि बड़वारा स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्थाओं व संसाधनों में सुधार नही करवाया जाएगा तो पुनः आगामी दिनों में विरोध एवम आंदोलन किया जाएगा जिसकी जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

**पुलिस द्वारा आपका सारथी कौन अभियान की अभिनव पहल**

# ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को क्यूआर कोड और बैच वितरित, नियमों का पालन करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित और भरोसेमंद बनाने के लिए पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात थाना कटनी द्वारा 'आपका सारथी कौन' अभियान के तहत यातायात थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शहर के 100 से अधिक ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को विशेष QR कोड और चालक बैच वितरित किए गए। यातायात पुलिस के अनुसार यह QR कोड व्यवस्था यात्रियों की



सुरक्षा और पारदर्शिता के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगी। कोई भी यात्री वाहन में बैठते समय इस QR कोड को स्कैन करके संबंधित चालक और वाहन के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। इससे यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों और मातृशक्ति में सुरक्षा और विश्वास की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर, सुबेदार सोनम उइके एवं यातायात स्टाफ ने चालकों को सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की शपथ दिलाई। चालकों को सख्त लहजे में हिदायत दी गई है कि वे अपने वाहनों के समस्त वैध दस्तावेज (जैसे- ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा और परमिट) हमेशा पूर्ण रखें। यातायात पुलिस द्वारा चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां (ओवरलोडिंग) कतई न बैठाएं। शराब या किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी मोड़, व्यस्त चौराहे या सड़क के बीच में अचानक वाहन रोककर सवारी न उतारें। यात्रियों के साथ हमेशा शालीन, विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखें।

थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर ने कहा, ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक शहर की यातायात व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारा उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि हर नागरिक को सुरक्षित यात्रा का भरोसा दिलाना है। अगर सभी चालक नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी और शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनेगी। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कटनी को एक आदर्श यातायात व्यवस्था वाला शहर बनाने के लिए इस तरह के जनजागरूकता और चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## महापौर ने की पेयजल संकट के समाधान हेतु नए बोरवेल की घोषणा

# तिलक वार्ड में 70 लाख के विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बाल गंगाधर तिलक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। वर्षों से अपेक्षित जन सुविधाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव के प्रयासों से वार्ड को लगभग 70 लाख रुपये लागत के विकास कार्यों की सौगात मिली। वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ महिलाओं एवं बच्चों के कर-कमलों द्वारा



संपन्न कराया गया। महापौर एवं जनप्रतिनिधियों ने इसे समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास प्रक्रिया से जोड़ने का प्रतीक बताया।

### ये विकास कार्य होंगे

भूमिपूजन के अंतर्गत वार्ड के इंदिरा नगर गली क्रमांक-8 में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से डब्लू बीएम सड़क का निर्माण किया जाएगा।वहीं साईं मंदिर के पास 23 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण, सत्संग नगर की गली क्रमांक-3 एवं 5 में 10 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण तथा साईं मंदिर के पीछे 4.50 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया । इसके अतिरिक्त पन्ना मोड़ क्षेत्र में क्षतिग्रस्त 10 पुलियों के पुनर्निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई, जिससे क्षेत्र की यातायात एवं जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

### महापौर ने कहा आपका विश्वास ही मेरी ताकत

कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मैं यहां जनता की सेविका के रूप में आप सभी के बीच उपस्थित हूं। जनता ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है, वही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है। नगर का प्रत्येक वार्ड मेरा परिवार है और यहां के नागरिकों की खुशहाली एवं सुविधाएं मेरी प्राथमिकता हैं।

उन्होंने कहा, "विकास केवल ईंट, सीमेंट और निर्माण कार्यों का नाम नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन को बेहतर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने का माध्यम है। हमारी कोशिश है कि शहर का कोई भी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था जैसी आवश्यक सेवाओं को सुदृढ़ बनाकर हम नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में पेयजल की आवश्यकता को देखते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने नए बोरवेल निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि भविष्य में संभावित जल संकट से निपटने और नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। समय रहते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएंगी ताकि किसी भी नागरिक को पेयजल संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सूची तैयार कर बकाया कर वसूलने चलाये अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने विगत वर्ष की राजस्व वसूली की समीक्षा कर राजस्व संग्रहण की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया तथा इस वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य आधारित कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी रणनीति के साथ राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि यदि इस वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से ही निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए तो नगर निगम राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त कर सकता है।

समीक्षा के दौरान कम वसूली करने वाले कर्मचारियों से कम वसूली के कारणों की जानकारी लेते हुए कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लक्ष्य प्राप्ति में निरंतर असफल रहने की स्थिति में आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित की होगी।

निगमायुक्त ने प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को मासिक, साप्ताहिक एवं दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर नियमित रूप से करदाताओं से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध प्रभावी वसूली अभियान संचालित करने, बिल एवं डिमांड नोटिस जारी करने तथा बल्क मैसेज के माध्यम से करदाताओं को बकाया करों की जानकारी उपलब्ध कराकर बकाया राशि निगम कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने विगत वित्तीय वर्ष के दौरान चेक बाउंस के प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने नवीन संपत्तियों का निगम अभिलेखों में पंजीयन कराने, आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों की उपयोगिता का सत्यापन करने तथा आवासीय संपत्तियों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित पाए जाने पर नियमानुसार व्यावसायिक दरों से कर अधिरोपित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व अमले को अधिक से अधिक पीओएस (POS) मशीनों का उपयोग कर नागरिकों को घर पर ही कर भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के निर्देश राजस्व अमले को दिए।

बैठक के दौरान जलकर, बाजार शाखा एवं बाजार बैठकी से संबंधित राजस्व वसूली की भी समीक्षा की जाकर निगमायुक्त ने निगम की निगम स्वामित्व की समस्त दुकानों का किराया शत-प्रतिशत वसूलने, बाजार बैठकी की वसूली पीओएस मशीनों के माध्यम से करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बुधरौङ नाले के डहरिया घाट पर डूबी 9 वर्षीय फुला आदिवासी की मौत

**पन्ना।** शाहनगर थाना क्षेत्र के बोरी चौकी के बुधरौङ नाले के डहरिया घाट पर मंगलवार की दोपहर 12बजे नहाने के दौरान 9 वर्षीय मासूम फुला आदिवासी पुत्री राजा आदिवासी नाले में डूब गई। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे फुला अपने साथियों के साथ डहरिया घाट पर नहाने गई थी। गहरे पानी में चली जाने से वह डूब गई। साथियों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने बच्ची को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना पर शाहनगर पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर भेजा गया। मासूम की मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विवेचक प्रधान आरक्षक मनीष सिंह नदी-नालों में नहाने से बचने की अपील की है। तेज बहाव और गहराई से हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

### खाद लेना है तो फार्मर आईडी है जरूरी, गांव-गांव शिविर

**पन्ना।** किसानों को खाद-उर्वरक की समस्या से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। कलेक्टर (कृषि) पन्ना ने आदेश जारी कर 03 जून 2026 से 29 जून 2026 तक ग्राम पंचायत स्तर पर किसान फार्मर आईडी रजिस्ट्री शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। शाहनगर तहसीलदार श्रीमति कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन के ई-विकास पोर्टल से ही अब उर्वरक वितरण होगा। एग्री-स्टेक पोर्टल पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का काम 50: से भी कम है। जबकि ई-विकास प्रणाली में फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसल अनुसार उर्वरक मिलेगा। यानी रजिस्ट्री नहीं हुई तो खाद नहीं मिलेगी। उन्होंने बताया कि शाहनगर तहसील के सभी पटवारियों को निर्देश दिए गए है। शिविर के माध्यम से आईडी को समग्र/खसरे से लिंक करना और ई-टोकन बुकिंग की जाएगी। - किसान ये दस्तावेज साथ लाएंरू आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र - खसरा/खतौनी, मोबाइल नंबर, समग्र आईडी। मृत किसान की स्थिति में परिजनों का मृत्यु प्रमाण पत्र $ सहमति पत्र। सभी दस्तावेज प्रस्तुत कर अपनी फार्मर आईडी तत्काल बनवा लें, अन्यथा आगामी सीजन में उर्वरक लेने में परेशानी होगी। शाहनगर क्षेत्र के शत-प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री कराना लक्ष्य है।

### पुलिस थाना मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

# जहां होता है भागवत कथा का आयोजन वह स्थान बन जाता है तीर्थ स्थल- पं. वीरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के देवश्री कौशलेंद्र सरकार पुलिस थाना मंदिर में श्री बाल रामायण मंडल के तत्वाधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार की शाम कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर से शुरू हुई इस कलश यात्रा के दौरान बडी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर शामिल हुई। गाजे-बाजे के साथ यह कलश यात्रा बड़ा बाजार से होते हुए राम मंदिर सोसायटी रोड राय चौराहा से आकर मंदिर प्रांगण कथा स्थल पहुंची। पवित्र जल से भरे कलशों को लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित किया गया।



इसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ हुआ। कथा व्यास पं वीरेंद्र शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। कथा व्यास पं वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ-साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। पं वीरेंद्र शास्त्री ने कहा इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। श्री बाल रामायण मंडल के अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत ने बताया कि रामायण मंडल के एवं कथा यजमानों के साथ सभी के सामूहिक सहयोग से इस श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

10 जून तक चलने वाली इस श्रीमद भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर एक बजे से दोपहर 2 बजे किया जाएगा। इस भागवत कथा का समापन 11 जून को विधिवत पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

# नगर परिषद तेंदूखेड़ा में विभागीय समीक्षा बैठक में पहुंचे मंत्री लोधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गुरुवार को तेंदूखेड़ा नगर परिषद सभागार में जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों की प्रगति एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने क्षेत्र के विकास कार्यों, अधोसंरचना परियोजनाओं, नागरिक सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके विभागों द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अधिकारियों को लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से मैदानी निरीक्षण करें तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें।

साथ ही विकास कार्यों की सतत निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की गति बढ़ाना, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

# राज्यमंत्री ने किया क्षेत्र का दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों का दौरा कर आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए उनके त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने जनसंपर्क प्रवास के दौरान मंत्री लोधी तेंदूखेड़ा जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव के भतीजे के लग्नोत्सव समारोह में भी शामिल हुए। उन्होंने नवदंपति को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं, ग्राम पतलोनी में देशराज सिंह लोधी के आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी शोकाकुल परिवार के निवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा दुख की इस घड़ी में परिवार को धैर्य और संबल प्रदान किया। मंत्री ने कहा कि किसी प्रियजन का असमय बिछड़ना अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस दौरान जिला मंत्री भारत सिंह, तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोधी तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह लोधी, विनीता ठाकुर कुलस्ते, डॉ. अनूप सिंह लोधी, बेड़ी सिंह सदर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनता के सुख-दुख में सहभागिता, विकास कार्यों की सतत निगरानी और सामाजिक-धार्मिक आयोजनों में सक्रिय उपस्थिति के माध्यम से मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी क्षेत्रवासियों के बीच लगातार विश्वास और आत्मीयता का मजबूत रिश्ता कायम कर रहे हैं।

# सामाजिक समता के प्रतीक है महाविष्णु : श्री भगवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संस्कृतिक दृष्टि से विशेष तथ्य यह है कि विष्णु पुराण सामाजिक व्यवस्था को भी धर्म से जोड़ता है। इसमें राजधर्म को प्रजा के कल्याण का मूल कहा गया है। कहा गया है कि शासक का वास्तविक वैभव न्याय, दया और संयम में निहित है। गृहस्थ जीवन को भी तपस्या के समकक्ष मानते हुए कर्मयोग की महिमा का प्रतिपादन किया गया है। सनातन परंपरा के ग्रंथों में विष्णु पुराण आज भी धर्म, भक्ति और मानवीय मूल्यों का प्रकाश-स्तंभ बनकर समाज को दिशा प्रदान कर रहा है। यह पुराण केवल पौराणिक आख्यानों का संकलन नहीं, बल्कि सृष्टि के रहस्य, जीवन के कर्तव्य और मोक्ष के मार्ग का सुगठित दर्शन प्रस्तुत करता है। यह संदेश देते हुए श्री भगवान ने कहा कि विष्णु पुराण के अनुसार सृष्टि के मूल में एक ही परम सत्ता भगवान नारायण स्थित हैं। उन्हीं से ब्रह्मा की उत्पत्ति, उन्हीं में लोकों का विस्तार और उन्हीं में संपूर्ण जगत का लय बताया गया है। पुराण उद्घोष करता है कि सृष्टि, स्थिति और संहार—तीनों क्रियाएँ एक ही दिव्य तत्त्व की विभिन्न अभिव्यक्तियाँ हैं। ग्रंथ में दशावतारों का विशद वर्णन मिलता है, जहाँ भगवान का प्रत्येक अवतार अधर्म के अंधकार में धर्म का दीप बनकर प्रकट होता है। मत्स्य से लेकर कल्कि अवतार तक यह स्पष्ट किया गया है कि जब-जब मानवता पथभ्रष्ट होती है, तब-तब ईश्वर करुणा का स्वरूप धारण कर धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीराम मर्यादा के आदर्श हैं तो श्रीकृष्ण प्रेम, नीति और योग के जीवंत प्रतीक हैं। पुराण में कलियुग के लक्षणों का उल्लेख करते हुए नैतिक पतन, लोभ, असत्य और अहंकार की वृद्धि की चेतावनी दी गई है, साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया है कि हरि-नाम का स्मरण इस युग का सबसे बड़ा रक्षक है। अंततः कल्कि अवतार द्वारा धर्म की पुनर्स्थापना का संकेत दिया गया है। विष्णु पुराण का केंद्रीय संदेश, जिसमें अति विष्णु मनोकामना यज्ञ करना आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है—भक्ति, कर्तव्य और करुणा के संतुलन से ही मानव जीवन सार्थक बनता है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि राष्ट्र, समाज और व्यक्ति—तीनों को नैतिक दिशा प्रदान करता है। विष्णु पुराण एवं यज्ञ दोनों ही सनातन संस्कृति की वह अमृतधारा हैं, जो युगों-युगों से बहती हुई आज भी मानवता को धर्मपथ पर अग्रसर कर रही हैं। भारी मात्रा में शामिल हो रहे भक्तवृंद में श्री जितेंद्र कुमार मिश्रा, श्री वेद प्रकाश पाठक, डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा एवं यज्ञ आयोजन सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने कार्यकारिणी समिति गठित

**दमोह।** जिले को पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने हेतु जिला स्तरीय कार्य योजना तैयार करने के लिए एक कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। गठित समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे होंगे। समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त जिला दमोह, नोडल अधिकारी डीएटीसीसी दमोह, संरक्षण सहायक एएसआई शुभम अरजरिया, क्षेत्रीय सहायक सीसीआरटी कृपाल सिंह, मार्गदर्शक दमयंती संग्रहालय सुरेंद्र कुमार चौरसिया, पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अतिथि विद्वान धीरज जॉनसन तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी याशिक अहमद कुरैशी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, उक्त कार्यकारिणी समिति को निर्देशित किया गया है, कि वह 30 दिवस के भीतर जिले के पर्यटन विकास से संबंधित विस्तृत कार्य योजना तैयार कर संबंधित कार्यालय को प्रस्तुत करे।

# धर्म की स्थापना के लिए हुआ श्री कृष्ण अवतार - किशोरी निधि गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्राम भौंरासा चल रहे हैं श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में मैं किशोरी निधि गर्ग ने कहा श्री कृष्ण अवतार की कथा सुनाते हुये कहा कि श्री हरि विष्णु ने धर्म की रक्षा के लिए श्री कृष्ण अवतार लिया था द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था श्रीकृष्ण ने बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में जन्म लिया था अष्टमी तिथि को रात्रिकाल अवतार लेने का प्रमुख कारण उनका चंद्रवंशी होना बताया जाता है श्रीकृष्ण चंद्रवंशी, चंद्रदेव उनके पूर्वज और बुध चंद्रमा के पुत्र हैं इसी कारण चंद्रवंश में पुत्रवत जन्म लेने के लिए कृष्ण ने बुधवार का दिन चुना भगवान कृष्ण ने माता देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया था कृष्णजी का जन्म मथुरा में मामा कंस के कारागार में हुआ था माता देवकी राजा कंस की बहन थी कंस ने अपने पिता राजा उग्रसेन की राजगद्दी छीनकर उन्हें जेल में बंद कर दिया था और स्वंय को मथुरा का राजा घोषित कर दिया था राजा कंस अपनी बहन देवकी से बहुत प्रेम करता था उन्होंने अपनी बहन का विवाह वसुदेव से कराया था लेकिन जब वह देवकी को विदा कर रहा था तभी एक आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र कंस का बध करेगा यह सुनकर कंस डर गया उसने तुरंत अपनी बहन और उनके पति वसुदेव को जेल में बंद कर दिया उनके आसपास सैनिकों की कड़ी पहरेदारी लगा दी कंस अपनी मृत्यु के डर से देवकी और वसुदेव की छह संतानों को मार चुका था, भगवान श्रीकृष्णजी का जन्म भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र दिन बुधवार की अंधेरी रात में भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कोठरी प्रकाशमय हो गयी तब तक आकाशवाणी हुई कि विष्णु जी ने कृष्ण जी के अवतार में देवकी के गर्भ से में जन्म लिया है उन्हें गोकुल में बाबा नंद के पास छोड़ आएं और उनके घर एक कन्या जन्मी है उसे मथुरा ला कर कंस को सौंप दें भगवान विष्णु के आदेश से वसुदेव जी भगवान कृष्ण को सूप में अपने सिर पर रखकर नंद जी के घर की ओर चल दिए भगवान विष्णु की माया से सभी पहरेदार सो गए कारागार के दरवाजे खुल गए वसुदेव भगवान कृष्ण को लेकर नंद जी के यहां सकुशल पहुंच गए और वहां से उनकी नवजात कन्या को लेकर वापस आ गए जब कंस को देवकी की आठवीं संतान के जन्म की सूचना मिली वह तत्काल कारागार में आया और उस कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटकना चाहा लेकिन वह कन्या उसके हाथ से निकल कर आसमान में चली गई फिर कन्या ने कहा हे मूर्ख कंस तूझे मारने वाला जन्म ले चुका है और वह ब्रज चौरासी में पहुंच गया है वह कन्या कोई और नहीं स्वयं योग माया थीं आचार्य पंडित पवन गर्ग शास्त्री एवं हर्ष चनपुरिया।

# प्रदान संस्था द्वारा प्रशिक्षितों को वितरण किए गए प्रमाण पत्र



**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत सभागार में जनपद पंचायत के सहयोग एवं प्रधान संस्था के माध्यम से जी राम जी के तहत मेटो के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन होने पर सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मेट के माध्यम से पंचायत में जाकर अन्य महिलाओं को जागरूक करने का प्रशिक्षण दिया गया। महिलाओं की आर्थिक स्थिति कैसे सशक्त बने, ग्रामीण जन काम की तलाश में बाहर जाने को मजबूर हैं वह यहीं रहकर अपना काम अपनी पंचायत में करें एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नये जॉब कार्ड कैसे बनवाएं अपनी ग्राम पंचायत से काम की मांग कैसे करें जी राम जी के नियमों का पालन करते हुए इसका अधिकतम लाभ कैसे उठाएं। सीईओ मनीष बागरी, एपीओ राहुल गागरा ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीराम जी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोड़ना है जब महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा तो निश्चित रूप से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा एवं अधिक से अधिक महिलाएं जी राम जी योजना से जुड़े एवं शासन की योजना का लाभ उठावे सफल आयोजन में प्रधान संस्था कृष्णा माली ने सभी प्रशिक्षित मेटो को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की एवं जनपद के जिन क्षेत्र की महिलाएं इस कार्यक्रम से नहीं जुड़ पा रही हैं वहां के मेट महिलाओं को प्रशिक्षण करने का प्रयास करें इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही प्रदान संस्था प्रोजेक्ट के गोपाल यादव, कृष्णा माली, अक्षय जायसवाल एवं जनपद पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# भक्ति की राह में उम्र बाधा नहीं

## भागवत कथा में गूंजा प्रेरणादायक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम बम्होरी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर भक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक पंडित आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी जी ने श्रद्धालुओं को भक्ति, धैर्य और जीवन मूल्यों से जुड़ा प्रेरणादायक संदेश देते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



कथा के दौरान पंडित जी ने कहा कि भगवान की भक्ति के लिए उम्र कभी बाधा नहीं बनती। यदि सच्चे मन से श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान का स्मरण किया जाए, तो स्वयं भगवान अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को बचपन से ही भक्ति और संस्कारों से जोड़ने की बात कही और बताया कि बचपन कच्ची मिट्टी के समान होता है, जिसे जैसा रूप दिया जाए, वैसा ही वह बन जाता है।

सती प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने समझाया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण नहीं जाना चाहिए, विशेष रूप से जहां अपने इष्ट या गुरु के सम्मान को ठेस पहुंचने की संभावना हो। यह जीवन में आत्मसम्मान और विवेक बनाए रखने की महत्वपूर्ण सीख देता है।

वहीं ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संयम बनाए रखना कितना आवश्यक है। ध्रुव की माता सुनीति ने अपमान की स्थिति में भी धैर्य नहीं खोया, जिसके परिणामस्वरूप एक बड़ा संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को एकजुट रखने के लिए संयम और सहनशीलता अत्यंत जरूरी है।

कथा के दौरान भक्त ध्रुव की तपस्या और भगवान श्रीहरि की कृपा का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान के नाम का स्मरण करते हुए भक्ति में लीन होकर कथा का रसपान किया।सच्ची भक्ति, धैर्य और संस्कार ही जीवन को सफल और सार्थक बनाते हैं।

# अपार आईडी निर्माण हेतू जून माह में प्रत्येक शनिवार को लगेंगे विशेष शिविर

**दमोह।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं प्रगति के डिजिटल रिकॉर्ड संधारण हेतु Automated Permanent Academic Account Registry (अपार) ID का निर्माण किया जा रहा है। यह पहल "एक राष्ट्र-एक छात्र" की अवधारणा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अपार आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम, समग्र रिपोर्ट कार्ड, छात्रवृत्ति, अधिगम उपलब्धियाँ तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का डिजिटल संग्रहण संभव होगा। साथ ही National Credit Framework (NCrF) के अंतर्गत विद्यार्थियों के क्रेडिट स्कोर भी सुरक्षित रखे जा सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों में "मेगा APAAR दिवस" का आयोजन 30 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर उन विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा, जिनकी अपार आईडी अभी तक नहीं बन सकी है। शिविरों के माध्यम से नामांकन एवं सहमति पत्र संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र दमोह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों के पास आधार कार्ड नहीं है अथवा आधार नामांकन, UDISE+ पोर्टल पर नाम भिन्नता एवं आधार सीडिंग त्रुटि जैसी समस्याएँ हैं, उनका निराकरण जिला आधार नामांकन केंद्र, बैंक, डाकघर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से कराया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अभिभावकों की सहमति प्राप्त न होना अपार आईडी निर्माण में विलंब का प्रमुख कारण है। अतः संबंधित संकुल प्राचार्य, बीआरसीसी, शाला प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षकों को अभिभावकों को जागरूक करते हुए समय-सीमा में सहमति पत्र संग्रहण सुनिश्चित करने तथा उत्पन्न बाधाओं के निराकरण हेतु जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आपदा प्रबंधन के गुर सीख रहे हैं दमोह के युवा आपदा मित्र

**दमोह।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल के अनुसार प्रदेश के 11 जिलो मे युवा आपदा मित्र के प्रशिक्षण का संचालन किया जाना है, जिसके तारतम्य मे जिला दमोह मे 700 युवा आपदा मित्रो को प्रशिक्षित किया जाना है। इसी योजना के प्रथम चरण मे जिले मे 07 जून तक 150 एन.वाई.के. के युवाओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसका आयोजन जिला दमोह के पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह मे किया जा रहा है आज 04 जून को चर्तथ दिवस के अवसर पर युवा आपदा मित्रो को सुबह फालिन/पीटी/योगा कराया गया, समुदाय आधारित प्रथमोपचार, शारीरिक संरचना / रोगी का मूल्यांकन / प्रथमोपचारक का परिचय / गुणकार्य, बीएलएस / सीपीआर, चोट फेक्चर को स्थिर करना/पट्टी खपच्ची करना, सीपीआर का अभ्यास आदि से संबंधित जानकारियों प्रदाय की गई व प्रेक्टिकल के द्वारा अभ्यास भी कराया गया। इस कार्यक्रम मे जिला सैनानी रजनी खटीक के साथ प्लाटून कमाण्डर प्राची दुबे, प्लाटून कमाण्डर जोगेश विश्वकर्मा, ए.एस.आई. धर्मेन्द्र कुमार, हवलदार शैलेन्द्र रजक, सैनिक चैन सिंह, सैनिक महेन्द्र तिवारी, सैनिक जय पटैल एवं समस्त जिला एसडीईआरएफ टीम की मौजूदगी रही।

# दो प्रकरण में 6 हजार रूपये का किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने दमोह जिले अंतर्गत थाना तेजगढ़ एवं थाना दमोह देहात के 02 प्रकरण में 06 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 45/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अरोपी शीतल कुर्मी पिता बली कुर्मी निवासी सुना थाना देवरी जिला सागर पर 02 हजार रूपये एवं थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 240/2026 धारा 109(1), 126(2), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अरोपी भद्दू ऊर्फ कमलेश पिता चिंतामन आदिवासी उम्र 26 वर्ष, गोविंद ऊर्फ गुड्डू पटैल पिता गोपी पटैल उम्र 55 वर्ष, नरेन्द्र पटैल पिता केशव प्रसाद पटैल उम्र 36 वर्ष एवं आरोपी देवी पटैल पिता शंकरलाल पटैल उम्र 40 वर्ष निवासी हरद्वानी पर 01-01 हजार रूपये के मान से 04 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री कलादगी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

## जून अंत तक भवन हैंडओवर करने के निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि दोनों भवनों का कार्य शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र समय पर प्रारंभ हो सके। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार भवन निर्माण के बाद विभागों को हैंडओवर तो कर दिया जाता है, लेकिन गुणवत्ता में कमी होने पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभागों को बाद में रखरखाव और मरम्मत के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कमियां पाई, वहां संबंधित एजेंसियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जून माह के अंत तक दोनों भवन संबंधित विभागों को हैंडओवर करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले भवन विभाग को मिल जाए, ताकि कक्षाएं समय पर प्रारंभ हो सकें और छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि एजेंसी द्वारा आश्वस्त किया गया है कि एक ब्लॉक के लगभग 27 कक्षाओं को शीघ्र विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा तथा शेष भवन जुलाई माह तक पूर्ण कर सौंप दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति, लंबित कार्यों एवं गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि समीक्षा बैठकों में एजेंसी द्वारा जून माह में मेडिकल कॉलेज पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था। इसी के मद्देनजर यह देखा गया कि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो पाएगा या नहीं तथा निर्माण कार्य शासन के मानकों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज का सत्र समय पर प्रारंभ होना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

## खास बातें

### मछली मारते समय युवक की करंट लगने से मौत

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप कांकर (कालापानी मौजा) खेत के पास नाले में मछली मारते समय 19 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध मिली जानकारी अनुसार मृतक की पहचान रतू पिता स्व. लखन आदिवासी निवासी कांकर चौकी इमलिया के रूप में हुई है। घटना के समय युवक नाले में मछली मार रहा था, तभी करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने युवक को पानी से बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठवाकर जिला अस्पताल के शव गृह में सुरक्षित रखवाया। गुरुवार सुबह इमलिया चौकी से प्रधान आरक्षक हीरालाल सहित पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### त्रैमासिक बैठक 8 जून को

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति (डी.सी.डब्ल्यू.पी.सी.) तथा मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, किशोर सशक्तिकरण, बाल विवाह एवं बाल हिंसा रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत गठित जिला टास्क फोर्स की त्रैमासिक बैठक का आयोजन 08 जून सोमवार को किया जाएगा। बैठक समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, दमोह में आयोजित होगी।

### 8 से 19 जून तक चलेगा विशेष कैच-अप अभियान

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर. के अठया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिसंबर 2026 तक मीजल्स-रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य से जिले में 8 से 19 जून तक विशेष टीकाकरण कैच-अप अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान से पूर्व हेडकाउंट सर्वे कराया जा रहा है जो 5 जून तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि सर्वे दल को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं तथा बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करें। जिले में संचालित यह विशेष अभियान बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने बताया कि बचपन में होने वाले विभिन्न बीमारियो के संक्रमण एवं मीजल्स एवं रूबेला जैसी जानलेवा गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। उन्होंने बताया कि आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है, जो किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह गए हैं या जिनके टीके लंबित हैं। सर्वे के आधार पर तैयार ड्यू-लिस्ट के अनुसार विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे।

# फुटेरा और बकायन मार्ग के बीच 21 पेटी अवैध शराब से भरी कार पकड़ी, आरोपी फरार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 पेटी देशी शराब से भरी एक कार जब्त की है। हालांकि वाहन में सवार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने पुलिस को अवैध शराब परिवहन की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार क्रमांक एम पी 20 जेड बी 2224 का पीछा शुरू किया। पीछा करने के दौरान फुटेरा-बकायन मार्ग पर कार दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटी हुई मिली। मौके का फायदा उठाकर वाहन में सवार आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें से 21 पेटी लाल मसाला देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब में करीब 1050 पाव शामिल हैं। दुर्घटना के कारण कुछ पाव क्षतिग्रस्त भी पाए गए। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संगठन से सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की गई। जब्त शराब और वाहन को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है तथा वाहन के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन नशा मुक्ति अभियान के तहत समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार सक्रिय है। अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए संगठन पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रजनी शुक्ला, फुटेरा चौकी प्रभारी आनंद कुमार, प्रधान आरक्षक विपेश चौबे, आरक्षक संदीप तथा आरक्षक सोनू कुर्मी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# तेज धूप के बाद बारिश से बदला मौसम, लोगों को मिली राहत

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी का असर देखने को मिला। सुबह के समय से ही सूर्य की तीखी किरणों के कारण लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। बढ़ते तापमान के चलते दोपहर लगभग 11 बजे तक बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। कई लोग गर्मी से बचने के लिए घरों और दुकानों में ही रहने को मजबूर रहे। दोपहर लगभग 1 बजे के बाद मौसम में परिवर्तन के संकेत दिखाई देने लगे। आसमान में काले और घने बादलों का जमाव शुरू हुआ, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जगी। इसके बाद करीब 2 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और क्षेत्र में 3 बजे हल्की से मध्यम बारिश शुरू हो गई। जो लगभग 25 से 30 मिनट जारी रही बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने वातावरण को पूरी तरह बदल दिया। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। लंबे समय से तेज धूप और उमस से परेशान नागरिकों ने मौसम में आए इस बदलाव का आनंद लिया। बारिश रुकने के बाद लोग घरों से बाहर निकले और ठंडी हवाओं तथा सुहावने मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए। बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर लोगों की चहल-पहल भी बढ़ गई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि अचानक हुई बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया और वातावरण में ताजगी का एहसास कराया। पूरे क्षेत्र में बारिश के बाद बहारों जैसा सुहावना माहौल बन गया, जिससे लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।

# श्रीराम कथा श्रवण से चार वेद, छह शास्त्र और 18 पुराणों के श्रवण का मिलता है पुण्य : स्वामी अनंताचार्य जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ग्राम दनवारा, जिला पन्ना में श्री हनुमान जी महाराज के दरबार में समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से सप्त दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में यज्ञ संचालक एवं कथावाचक स्वामी अनंताचार्य जी ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का महत्व बताया।

कथावाचक ने कहा कि कलयुग में किसी एक पुराण का श्रवण करने से उसी पुराण को सुनने का फल प्राप्त होता है, लेकिन श्रीराम कथा का श्रवण करने से चार वेद, छह शास्त्र और अठारह पुराणों के श्रवण के समान पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना समस्त शास्त्रों और ग्रंथों का सार लेकर की है, इसलिए यह कथा अद्वितीय एवं कल्याणकारी है। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो सकता है। श्रीराम जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन करते हुए स्वामी अनंताचार्य जी ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और पाप बढ़ता है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। रावण के अत्याचारों से त्रस्त होकर देवताओं ने भगवान से प्रार्थना की, तब भगवान ने अवतार लेने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि महाराज दशरथ द्वारा ऋषियों के मार्गदर्शन में संपन्न यज्ञ के फलस्वरूप भगवान श्रीराम का अवतार हुआ। भगवान श्रीराम, श्रीहरि विष्णु के अवतार हैं और उनका जन्म धर्म की पताका फहराने तथा पृथ्वी को पापमुक्त करने के लिए हुआ था। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस पुनीत एवं पावन महायज्ञ तथा श्रीराम कथा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# बिना मुंडेर के कुएं में गिरी गाय

## घंटों की मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू



**जबेरा।** ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब बस्ती के समीप स्थित बिना मुंडेर के सूखे शासकीय कुएं में एक गाय अचानक गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घंटों की कड़ी मशक्कत और रस्सियों के सहारे किए गए प्रयासों के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गाय को मामूली चोटें आईं, जिसका पशु चिकित्सक द्वारा उपचार कर उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मंत्री राजकुमार रजक ने बताया कि सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं को मौके पर भेजा गया और टीम ने तत्काल रेस्क्यू शुरू कर दिया। सभी के संयुक्त प्रयास से गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गौरतलब है कि यह कुआं दशकों पुराना सार्वजनिक जल स्त्रोत है, जिसका उपयोग पहले पूरे गांव द्वारा किया जाता था। लेकिन नल-जल योजना लागू होने के बाद यह कुआं उपेक्षित होकर सूख गया है। वर्तमान में बिना मुंडेर का यह खुला कुआं मवेशियों और आमजनों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कुएं पर जल्द से जल्द मुंडेर या सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। रेस्क्यू अभियान में गणेश, धर्मेंद्र सिंह, जालम सिंह, सुरेंद्र सिंह, नंदकिशोर दुबे सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही। सवाल खड़ा होता है—आखिर कब जागेगा प्रशासन और कब बंद होंगे ऐसे खुले खतरे?

# सिंहस्थ की तैयारियों के लिये डीआईजी सागर ने प्रशिक्षणार्थियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश




**दमोह।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत मध्यप्रदेश पुलिस के द्वारा सभी जिलों में पुलिस बल का विशेष प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में जिला दमोह में आयोजित 06 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सागर रेंज के डीआईजी शशीन्द्र चौहान ने सहभागिता करते हुये अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। उन्होने आगामी सिंहस्थ मेले के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात-प्रबंधन, भीड़-नियंत्रण, आपदा-प्रबंधन, सुरक्षा-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। पुलिस उपमहानिरीक्षक शशीन्द्र चौहान ने बताया कि सिंहस्थ 2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में पुलिस बल की भूमिका अहम होती है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव को व्यवहारिक रूप से लागू करने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को आधुनिक पुलिसिंग, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, संचार व्यवस्था तथा समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडेय,यातायात निरी. दलवीर सिंह मार्को, सूबेदार अभिनय साहू उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक ट्रांसफार्मर पर दबंगों का कब्जा, विद्युत विभाग से की शिकायत

**बटियागढ़।** ग्राम सेमरा रामनगर की अहिरवार बस्ती के लिए सरकारी योजना के अंतर्गत वर्ष 2007 के लगभग ट्रांसफार्मर रखा गया था जिस पर सगरोन ग्राम के तिलक राजपूत नाम के व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है उक्त डीपी से नंगे तारों में बिजली की सप्लाई होती जिससे बिजली की चोरी एवं खराब मौसम में बिजली की हानि को नहीं रोक जा सकता जबकि हर जगह बिजली सप्लाई सुरक्षित केबलों में की जाती है। और इस डीपी से कई सिंचाई पंप चलाए जा रहे हैं जबकि घरेलू लाइन में सिंचाई पंप कनेक्शन नहीं दिये जा सकता आवेदक रूपेन्द्र सिंह ने बताया की यह ट्रांसफार्मर घरेलू लाइन में है और हमारे गांव का है जिस पर सगरोन गांव के व्यक्ति द्वारा कब्जा किया गया है उसे हटवाया जाए और यदि सिंचाई पंप के कैक्शन है तो उसे कमर्शियल पंप लाइन में जोड़ा जाए या उन कनेक्शनों को पंप लाइन में विवस्थित किया जाए और रूपेन्द्र सिंह ने कनिष्ठ अभियंता प्रभारी संदीप पटेल से निवेदन किया की डीपी पर से अवैध कब्जा हटा कर उस डीपी से सेमरा ग्राम में केबिल के माध्यम से बिजली की सप्लाई चालू की जाए। घरेलू लाइनों में सिंचाई पंप चलने से ही अतिरिक्त बिजली लोड बढ़ता है जिससे संपूर्ण जिलेवासियों को बिजली कटौती के रूप में भुगतना पड़ता है।

# ग्राम खोजाखेड़ी में पुलिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खोजाखेड़ी में 15 वित्त की करीब 8-9 लाख राशि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य किया जा है जिसमें ग्रामीणों द्वारा कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही। वही जहां निमार्ण कार्य किया जा रहा है वहां बेस सही ढंग से नही बनाया गया है जिससे पानी के बहाव में पुलिया बह सकती है जिसकी तकनीकी अधिकारी द्वारा जांच हो। वही इस इस संबध में एसडीओ रामभरत कटारे से बात करना चाहा तो उनके द्वारा 2 दिन से मोबाइल रिसीव नही किया गया।

# वैज्ञानिक एवं तार्किक आधार पर कानून बनाने की आवश्यकता

### समान नागरिक संहिता पर जन-परामर्श बैठक आयोजित उच्च स्तरीय समिति ने नागरिकों से मांगे सुझाव नागरिकों से लिखित एवं ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं कानूनविद् श्री अनूप नायर की अध्यक्षता में जन-परामर्श बैठक का आयोजन पी.एम श्री कॉलेज, दमोह के सभागार में अपराह्न 3:30 बजे से किया गया। बैठक में विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों एवं विभिन्न समाजो के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य श्री अनूप नायर ने कहा कि वर्तमान में भारत में विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार एवं दत्तक ग्रहण जैसे विषयों पर अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लिए अलग कानून लागू हैं। उन्होंने कहा संविधान निर्माण के समय कंस्टीट्यूएंट असेंबली में समान नागरिक संहिता का मुद्दा प्रमुख रूप से उठा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं के.एम. मुंशी इसके पक्ष में थे, जबकि कुछ सदस्य इसके पक्ष में नही थे। इसी कारण इसे तत्काल लागू न करते हुए संविधान के अनुच्छेद 44 में शामिल किया गया। सदस्य श्री नायर ने कहा कि वर्तमान धार्मिक आधारित कानूनों में सबसे अधिक प्रभावित महिलाएं और बच्चे होते हैं। उन्होंने कहा समय-समय पर कई कानूनी सुधार हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार को समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास करने की सलाह दी है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने जन-परामर्श प्रक्रिया शुरू की है, ताकि नागरिकों से सुझाव लेकर विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण एवं लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषयों पर समान अधिकार आधारित कानून बनाने की संभावना पर विचार किया जा सके।

समिति सदस्य ने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव खुलकर रखें। उन्होंने कहा कि इच्छुक नागरिक मौखिक, लिखित अथवा वेबसाइट ucc.mp.gov.in के माध्यम से भी अपने सुझाव दे सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर समिति विचार-विमर्श कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विषय पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में वक्ताओं ने समान नागरिक संहिता के सामाजिक, विधिक एवं संवैधानिक पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उपस्थित नागरिकों ने विवाह, तलाक, उत्तराधिकार तथा पारिवारिक कानूनों से संबंधित विषयों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियो एवं गणमान्य नागरिकों मीडियाजनो, विभिन्न समाजो के प्रतिनिधियो, कानूनविदों (अभिभाषक), अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनो आदि ने सहभागिता की।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसुरिया जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, भाव सिंह लोधी मासाब, बार काउंसिल के सदस्य, बाल संरक्षण समिति के सदस्य, मातृशक्ति, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार के साथ पक्षकार ने की अभद्रता

### शिकायत पर पुलिस ने भेजा जेल, हटा में लुहारी मंडल का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के पुरानी तहसील कार्यालय में संचालित न्यायालय नायब तहसीलदार लुहारी मंडल हटा मैं गुरुवार को एक पक्षकार द्वारा पेशी के दौरान अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है जहां नायब तहसीलदार की शिकायत पर हटा पुलिस ने आरोपी को धारा 151 के तहत अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय नायक तहसील लुहारी मंडल में पदस्थ नायब तहसीलदार डीपी गुप्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि गुरुवार की दोपहर लुहारी निवासी लखन सींग लोधी पिता संतु सींग लोधी जिसका परिवार एक जमीन संबंधी प्रकरण न्यायालय में चल रहा है पेशी की सुनवाई के दौरान आरोपी द्वारा कार्यालय में अभद्रता की गई। वही आरोपी लखन लोधी ने पुलिस थाना में बताया कि विगत वर्षों से भोपाल में रहकर ऑटो चलकर जीवन यापन करते हैं लुहारी गांव में न रहने से हमारी जमीन पर भाइयों द्वारा कब्जा कर लिया गया जिसकी शिकायत किए जाने पर न्यायालय नायक तहसीलदार लुहारी मंडल में तीन बर्ष से केश चल रहा है जिसकी पेशी करने हर महीने मैं दो बार बुलाया जाता है गरीब मजदूर होने के कारण आर्थिक स्थिति से परेशान हो गया था। नायब तहसीलदार से कई बार निवेदन करने पर सुनवाई नहीं की जा रही थी।